(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार गंगटोक अथवा किसी अन्य स्थान पर एक असैनिक हवाई अड्डे का निर्माण कर के यात्रियों को हवाई यात्रा की सुविधा प्रदान करने का है और यह सुविधा कब तक प्रदान कर दी जाएगी, और

(ग) इसके लिए शीघ्र ही व्यवस्था करने में क्या रुकावटें हैं तथा उन रुकावटों को दूर करने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं। सिक्किम में गंगटोक या और किसी स्थान पर हवाई अड्डा बनाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) हवाई अड्डे के बनाने में कई करोड़ रुपए का खर्च आता है और संभावित यातायात का परिणाम इतना होना चाहिए कि इस खर्च का औचित्य सिद्ध हो सके।

गेहूं की भूसी का निर्यात

4916. **श्री एच० एल० पी० सिन्हा** : क्या वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गेंहू की भूसी के निर्यात की अधिकतम सीमा में छूट देने के लिए बहुत से निर्यातक जोरदार मांग कर रहे हैं;

(ख) क्या उन निर्यातकों ने विदेशी क्रयकर्ताओं से क्रयादेशों के फार्म ठेके/ऋण पत्र प्राप्त होने के वैध प्रमाण पेश किए हैं;

(ग) क्या सरकार को मालूम है कि विशेषकर दक्षिण भारत में गेहूं की भूसी के भारी स्टाक पड़े हुए हैं तथा उठाए नहीं गए हैं और उनकी लम्बी अवधि तक जमा रहने के कारण क्षति हानि हो रही हैं;

(घ) क्या यह सच है कि अधिकतम सीमा में छूट में विलम्ब होने से निर्यातकों तथा स्टाकिस्टों को परेशानी होने के अतिरिक्त विदेशी मुद्रा की आय में भी भारी हानि होने की आशंका है; और

(ङ) क्या सरकार कम से कम 10 से 15 हजार टन गेहूं की भूसी निर्यात के लिए रिलीज करने हेतु तुरन्त पग उठाएगी?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ बेग) : (क) और (ख). कतिपय निर्यातक गेंहू की उसी भूसी का अतिरिक्त कोटा रिलीज करने की मांग करते रहे हैं और उनमें से कुछ ने विदेशों से मांग की पुष्टि में प्रमाण भी प्रस्तुत किया था।

(ग) और (घ). कुछ रोलर फ्लोर मिलों तथा उनकी एसोसिएशनों ने गेंहू की भूसी के भंडार, जिन्हें निर्यात किया जा सकता है, इकट्ठे हो जाने के बारे में अभ्यावेदन किया है।

(ङ) निर्यात अधिशेष की उपलब्धता आन्तरिक कीमत स्तर जैसे संगत तथ्यों पर समुचित विचार करने के बाद निर्यात कोटा प्राधिकृत किया जाता है। निर्यात के लिए गेंहूं की भूसी का अतिरिक्त कोटा रिलीज करने के बारे में अभी कोई विनिश्चय नहीं किया गया है।